# सिंधिया के जन्मदिन पर आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम




**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 जनवरी।** भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत द्वारा केन्द्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय लोकप्रिय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन पिपरसमा गौशाला में सेवा दिवस के रूप में श्रद्धा, आस्था और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधिवत सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम से श्रीमंत महाराज के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर जनसेवा की प्रार्थना की।

इसके साथ ही गौ सेवा करते हुए गौमाताओं को गुड़ एवं हरा चारा खिलाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मवीर रावत, डॉ. सुखदेव गौतम, जनपद अध्यक्ष हेमलता रघुवीर रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश रावत, पिपरसमा सरपंच श्रीमान हक्के धाकड़ सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी का सार्वजनिक जीवन सेवा, संवेदना और समर्पण का जीवंत उदाहरण है, और उनका जन्मदिन समाज के हर वर्ग को सेवा कार्यों से जुड़ने की प्रेरणा देता है।

## गौसेवा कर मनाया केन्द्रीय मंत्री सिंधिया का जन्मदिन

**शिवपुरी।** गुना- शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन जिले भर में सेवा संकल्प दिवस के रूप में

**बाणगंगा निराश्रित गौसेवा आश्रम पहुंचकर गायों को खिलाया हरा चारा**

श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ मनाया गया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा मुकेश सिंह चौहान द्वारा गौसेवा कर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया



का जन्मदिवस मनाया गया।

भाजपा जिला मंत्री मुकेश सिंह चौहान अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय छत्री रोड स्थित बाणगंगा निराश्रित गौसेवा आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम, आकाश राठौर सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर गौशाला में उपस्थित गायों की सेवा की तथा उन्हें हरा चारा खिलाया।

इस अवसर पर मुकेश सिंह चौहान ने गौशाला का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और गायों की देखरेख करते हुए गौसेवा की।

उन्होंने गौशाला में मौजूद बछड़ों को गोद में लेकर स्नेहपूर्वक सेवा की। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गौसेवा कर केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु होने की कामना की। गौसेवा के उपरांत सभी ने बाणगंगा मंदिर के दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस दौरान गौशाला में मौजूद निराश्रित गऊ माताओं के साथ-साथ अन्य पशुओं की भी सेवा की गई।



## रघुनाथपुर आदिवासी बस्ती में सेवा संकल्प दिवस मनाया

**शिवपुरी।** पोहरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर स्थित आदिवासी बस्ती में केन्द्रीय मंत्री एवं गुना शिवपुरी सांसद श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प दिवस के रूप में जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**दिलीप मुदगल ने कंबल व साड़ियां वितरित कीं**

कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष दिलीप मुदगल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थित जनों ने केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिवस केक काटकर मनाया। इसके पश्चात क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की सर्दी को ध्यान में रखते हुए आदिवासी परिवारों को सर्दी से बचाव हेतु गर्म कंबलों का वितरण किया गया। सेवा संकल्प के तहत सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को कंबल प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए भाई दूज का पर्व भी मनाया गया। ग्राम रघुनाथपुर की आदिवासी बहनों ने जिला उपाध्यक्ष दिलीप मुदगल को टीका लगाकर आशीर्वाद दिया, जिसके पश्चात उन्होंने बहनों को उपहार स्वरूप साड़ियां भेंट कीं। इस दौरान दिलीप मुदगल ने सभी बहनों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। दिलीप मुदगल ने कहा कि जननायक श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया सदैव सेवा, संवेदना और समर्पण की भावना से कार्य करते हैं, और उनके जन्मदिवस पर जरूरतमंदों की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणजन, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आदिवासी परिवार उपस्थित रहे।

## स्वदेशी मेला : 8 से 10 जनवरी तक आयोजित होगी नृत्य प्रतियोगिताएं

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 जनवरी।** श्रीगणेश सांस्कृतिक समिति न्यू ब्लॉक के द्वारा स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में गांधी पार्क मैदान में लगाए जा रहे स्वदेशी मेला में स्वदेशी जागरण मंच व श्रीगणेश सांस्कृतिक समिति हंस बिल्डिंग

**स्वदेशी मेले में श्री गणेश सांस्कृतिक समिति हंस बिल्डिंग करेगी आयोजित**


द्वारा संयुक्त रूप से एकल नृत्य व ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन 8 जनवरी से 10 जनवरी तक शाम 7:30 बजे से 10 बजे तक किया जाएगा। जिसमें देशभक्ति व सामाजिक, धार्मिक गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष तेजमल सांखला ने बताया कि श्रीगणेश सांस्कृति समिति हंस बिल्डिंग द्वारा आयोजित बैठक में तय किया गया है कि आगामी 8 जनवरी को एकल नृत्य जूनियर, 9 जनवरी को एकल नृत्य सीनियर व 10 जनवरी को ग्रुप डांस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शील्ड व प्रमाण पत्र सहित अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे। बैठक में समिति के स्वदेशी जागरण मंच के गोपाल कृष्ण गौड़, मुकेश आचार्य, महेंद्र रावत, सौरभ सांखला, बृज दुबे, श्याम सुंदर राठौर, सन्नी गुप्ता उपस्थित थे। नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी सन्नी ग्राफिक्स जल मन्दिर पर पंजीयन करा सकते है।



## राजीव यादव बने किसान कांग्रेस के बदरवास ब्लॉक अध्यक्ष



**नवभारत न्यूज**
**बदरवास, 2 जनवरी।** गांधीवादी विचारधारा रखने वाले कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता राजीव यादव (तिलातिली) को संगठन द्वारा किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान की अनुशंसा पर किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम रावत ने बदरवास से राजीव यादव को किसान कांग्रेस कमेटी का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया हैं जिसको लेकर विगत दिवस राजीव यादव ने भोपाल पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान से प्रदेश कार्यालय पर मुलाकात की और नियुक्ति पत्र प्राप्त किया।

राजीव यादव को किसान कांग्रेस से ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके शुभचिंतकों एवं गणमान्य नागरिकों ने उज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ बधाई दी है,शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए यादव ने कहा कि पार्टी ने जो दायित्व मुझे सौंपा है उसका मैं ईमानदारी से निर्वहन करूंगा एवं कांग्रेस पार्टी को आगे लेजाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगा।

## पुलिस अधीक्षक ने खोए हुए मोबाइल वापस लौटाकर बांटी खुशियां

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 जनवरी।** सायबर सेल ने जिले मे लोगों के खोये हुये मोबाइलों को प्राप्त करने मे बड़ी सफलता हांसिल की है एवं

**सायबर सेल ने गुम हुए 150 मोबाइल मालिकों को वितरित किए फोन**

शिवपुरी वासियों को नववर्ष पर खुशियां बांटी। शिवपुरी सायबर सेल द्वारा शिवपुरी जिले के आमजन के 150 मोबाइल कीमती करीबन 28 लाख रुपये के बरामद किये हैं जिन्हें शुक्रवार को सायबर सेल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव



मुले द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे आमजन को सुपुर्द किया।

शिवपुरी सायबर सेल द्वारा लोगों के प्राप्त आवेदनों पर खोये हुये मोबाइलों को बापस प्राप्त करने हेतु सतत प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे लोगों के खोये हुये मोबेइल उन्हें वापस मिल सकें। शिवपुरी पुलिस के सतत प्रयासों से 150 खोये हुये मोबाइलों को वापस प्राप्त करने मे सफलता हांसिल की है।

लोगों द्वारा सूचना दी गई थी की उनके मोबाइल अलग-अलग जगह पर अलग-अलग समय अंतराल मे गुम/गिर गये हैं, पुलिस द्वारा संज्ञान लेते हुये एवं सायबर टीम की मदद लेते हुये राज्य के विभिन्न जिलों एवं अन्य राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली से खोए हुये मोबाइल वापस प्राप्त कर मोबाइल मालिकों को बापस मिल पाये हैं, जिनकी कीमत करीबन 28 लाख रुपये है। आमजन मे इस बात की खुशी है कि उनके खोये हुए मोबाइल भी मिल सकते हैं और पुलिस द्वारा खोए/गुम हुए मोबाइलों की बरामदी हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

सायबर सेल शिवपुरी द्वारा विगत वर्ष 2025 में भी करीब 700 मोबाइल फ़ोन बरामद कर लोगों को वापिस दिये गये हैं। इस कार्यवाही मे मुख्य भूमिका सायबर सेल प्रभारी उनि धर्मेन्द्र सिंह जाट, सउनि अजय पाल, प्रआर. विकास सिंह चौहान, आर.आलोक व्यास, दामोदर परिहार, मानवेन्द्र गुर्जर, जलज रावत, भूपेन्द्र यादव की सराहनीय भूमिका रही।

**कम लागत में नवाचार**

## कक्षा 9 के छात्र अंकेश कुशवाह ने बनाया सोलर कैप

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 जनवरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेह के कक्षा 9वीं के होनहार छात्र अंकेश कुशवाह ने मात्र 80-90 रुपये की कम लागत में एक उपयोगी सोलर कैप तैयार कर नवाचार का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह सोलर कैप विशेष रूप से गर्मी के मौसम में धूप में निकलने वाले लोगों को राहत प्रदान करेगी।

इस सोलर कैप में लगा छोटा सोलर पैनल धूप पड़ते ही उससे जुड़े डीसी मोटर पंखे को संचालित करता है, जिससे सिर, चेहरा और माथा ठंडा रहता है। यह कैप गर्मी से राहत देने के साथ-साथ लू (सनस्ट्रोक) से बचाव में भी सहायक है। बाहरी वाता वरण




में काम करने वाले मजदूरों, पर्यटकों, किसानों और खिलाड़ियों के लिए यह बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। यह प्रोजेक्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरेह के प्राचार्य श्री धर्मेंद्र रघुवंशी के मार्गदर्शन एवं व्यावसायिक शिक्षा (इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर ट्रेड) के व्यावसायिक प्रशिक्षक श्री उदय सिंह राजावत की देखरेख में तैयार किया गया है।

सोलर कैप पूरी तरह सौर ऊर्जा पर आधारित, पर्यावरण के अनुकूल (श्रष्ष-द्वह्लद्बद्दठ्ठस्रद्य4) है और इसमें किसी प्रकार का बिजली बिल या रनिंग कॉस्ट नहीं आती, जो इसे और भी खास बनाता है। छात्र की इस सराहनीय उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री विवेक श्रीवास्तव, जिला परियोजना समन्वयक श्री राजाबाबू आर्य एवं जिला व्यावसायिक समन्वयक श्री मोहित भार्गव ने छात्र अंकेश कुशवाह को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य और सतत प्रगति की शुभकामनाएं दीं।

## आदिवासी परिवार में बांटे कंबल, काटा केक

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 जनवरी।** गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर कार्यरत सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन नगर में बड़े उत्साह और उल्लास के साथ सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव के निर्देश में भाजपा पुरानी शिवपुरी मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा के द्वारा केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया के जन्मदिन के अवसर पर सेवा कार्य करते हुए हवाई पट्टी के पीछे पठार पर निवासरत गरीब आदिवासी परिवार के बीच पहुंचकर मनाया गया। इस अवसर पर जहां केक काटते हुए



आदिवासियों के बीच केक का वितरण किया तो वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव के साथ नगर भाजपा पुरानी शिवपुरी मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा के द्वारा अपने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर गरीब आदिवासी परिवार की महिलाओं को गरम कंबलों का वितरण किया गया। इसके पूर्व मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा ने सभी माता-बहिनों को भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया ताकि महिलाऐं स्वावलंबी होकर जागरूक बनें और अपने अधिकारों को जाने, साही लाड़ली बहना योजना और वृद्धावस्था पेंशन आदि को लेकर भी महिलाओं से जानकारी प्राप्त की जिसमें अधिकांशत- सभी शासन की इस महती योजनाओं की लाभार्थी मिली।

इस अवसर पर भाजपा के सांसद प्रतिनिधि हरिओम राठौर, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरिवीर सिंह रघुवंशी, पूर्व पार्षद बलवीर यादव, युवा नेता लवलेश जैन चीनू, पार्षद सुधीर आर्य, रिंकेश गुप्ता, सुरेन्द्र कुशवाह, मोनू भार्गव व धर्मेन्द्र त्यागी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर जोर-शोर से श्रीमंत जिंदाबाद के नारे लगाए गए और सभी ने श्रीमंत के सुख-समृद्ध, स्वस्थ व दीर्घायु जीवन होने की प्रार्थना ईश्वर से की।

### एक नजर में

#### शर्मा की वार्ता का प्रसारण 4 को



**नरवर, 2 जनवरी।** नरवर के प्रतीक शर्मा की वार्ता- ' तेल एवं प्राकृतिक गैस संरक्षण हेतु ऊर्जा का द्वितीय विकल्प सौर ऊर्जा ' का प्रसारण 4 जनवरी शाम 5 बजे से 5 :30 के मध्य आकाशवाणी शिवपुरी से किया जाएगा।

#### शिवतीर्थ चतुर्वेदी को पीएचडी



**पिछोर।** पी के विश्वविद्यालय दिनारा,शिवपुरी द्वारा शिवतीर्थ चतुर्वेदी पुत्र श्री ब्रजमोहन चतुर्वेदी को डॉ उमा शंकर (सह प्राध्यापक) के मार्गदर्शन में विज्ञान संकाय के गणित विषय में 'टॉपोलॉजिकल डेटा एनालिसिस एंड इट्स एप्लीकेशन इन मशीन लर्निंग ' विषय पर किए गए शोधकार्य हेतु पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है।इस उपलब्धि पर गुरुजन, रिश्तेदारों एवं इष्टमित्रों द्वारा हार्दिक बधाई दी गई।

#### शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ करने पर दिया जोर

**भोपाल,2 जनवरी.** स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में नए सत्र में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया. उन्होंने कक्षा-एक नामांकन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, साइकिल, स्कूटी व लैपटॉप वितरण योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त की. प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार भविष्य की योजनाओं में गुणवत्ता, समयसीमा और सरल प्रक्रियाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

## बुंदेलखंड की गंगा बेतवा नदी के तट पर कार्यक्रम, दिव्य संस्कार मंच करैरा के गांव-गांव कर रहा सम्पर्क

**नवभारत न्यूज**
**करैरा, 2 जनवरी।** आचार्य केशब लोग कल्याण समिति एवं श्री राम राजा गुरुकुल संस्कृत विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटक नगरी ओरछा में

**ओरछा में वसंत पंचमी पर 501 बटुकों का होगा यज्ञोपवीत संस्कार**

सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया जाएगा।23 जनवरी को बुंदेलखंड की गंगा कही जाने वाली बेतवा नदी के तट पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी में समिती के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर





जनसंपर्क कर रहे हैं और पंजीयन कराया जा रहा है। करैरा भ्रमण पर आये समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सनातन धर्म की परंपरा के अनुरूप हिंदू संस्कृति एवं संस्कारों के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 5 साल से 18 साल तक की आयु के बच्चों के पंजीयन किए जा रहे हैं। आचार्य वरुण तिवारी महाराज जी के नेतृत्व में करैरा, सुनारी, दिहायला,करई,रमगड़ा ,सिरसौद,अमोला सहित कई गांवों के संपर्क अभियान चलाया गया, जो आगे भी जारी रहेगा। आयोजकों के अनुसार 23 जनवरी को ओरछा में बेतवा नदी के तट पर स्थित नवीन कनक भवन लंका दहन हनुमान मंदिर परिसर में 501 बच्चों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम में देश के ख्यातिप्राप्त संतों की उपस्थिति रहेगी। धार्मिक विधि-विधान के साथ होने वाले इस संस्कार में वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया जाएगा।

**हिंदू सनातन धर्म का महत्वपूर्ण संस्कार :** समिती के कार्यकर्ता आचार्य वरुण महाराज ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार हिंदू सनातन धर्म का एक महत्वपूर्ण संस्कार है, जिसके माध्यम से बालक औपचारिक रूप से शिक्षा एवं आध्यात्मिक जीवन में प्रवेश करता है। इस संस्कार में बालक को जनेऊ धारण कराया जाता है। जनेऊ में तीन सूत देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण के प्रतीक माने जाते हैं, जबकि उसमें लगी पांच गांठें पंच ज्ञानेंद्रियों और पंचकर्म का प्रतीक होती हैं। संस्कार के दौरान बालक का पहले मुंडन किया जाता है। इसके बाद गुरु द्वारा उसे ज्ञान की अग्नि में अज्ञान रूपी संविधा को भस्म करने का संकल्प दिलाया जाता है। बालक ब्रह्मचर्य पालन, विद्या अध्ययन और भिक्षावृत्ति से निर्वाह का व्रत लेता है। उसे दंड और मुंज प्रदान की जाती है, जो अनुशासन और संयम का प्रतीक है। वर्ष 2023 में मौनी महाराज आश्रम में 125 बच्चों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया था। इस वर्ष भगवान श्री रामराजा सरकार की नगरी ओरछा में 501 बच्चों का संस्कार कराने का संकल्प लिया गया है। बुंदेलखंड के इस भव्य कार्यक्रम में करैरा अंचल से भी लगभग 1 दर्जन से अधिक बच्चे शामिल हो रहे है समिति द्वारा घर घर जाकर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है ।करैरा में खसियो के बाग वाले मंदिर के पुजारी दीपू भगत जी के द्वारा करैरा अंचल की रूपरेखा बनाई जा रही है।